नव भारत
राष्ट्र हित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

6 फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका के मेहमान

5 अहमदाबाद प्लेन हादसे में उजड़ गए पांच परिवार

8 मार्को जेनसन के पास सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बनने की सभी खूबिया

7 ईवी-ग्रीन स्किल में युवाओं की उड़ान

ब्लैक बॉक्स खोलेगा प्लेन क्रैश का राज

डीवीआर और इमरजेंसी लोकेटर ट्रांसमीटर भी मिले, 265 लोगों के शव बरामद

अहमदाबाद, 13 जून. अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त एयर इंडिया के विमान का ब्लैकबॉक्स, डीवीआर और इमरजेंसी लोकेटर ट्रांसमीटर भी मिला। अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल से ब्लैकबॉक्स, एक डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) और इमरजेंसी लोकेटर ट्रांसमीटर मिला है, जिनकी जांच से हादसे के कारणों का खुलासा हो सकता है।

एटीएस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, इन तीनों उपकरणों को हमारी टीम ने घटनास्थल पर मौजूद मलबे के बीच से बरामद किया है। डीवीआर को जल्द ही फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) भेजा जाएगा, जहां विशेषज्ञ इसकी गहन जांच करेंगे। अधिकारियों का मानना है कि डीवीआर में दुर्घटना के ठीक पहले और बाद की गतिविधियों से जुड़े महत्वपूर्ण दृश्य कैद हो सकते हैं, जो पूरे हादसे की कड़ियों को जोड़ने में मददगार साबित होंगे। एटीएस की टीम फिलहाल घटनास्थल पर मौजूद है और अन्य संभावित इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं।

एफएसएल टीम के मौके पर पहुंचने के बाद डीवीआर की तकनीकी जांच की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे यह पता लगाया जा सके कि क्या इस उपकरण में कोई उपयोगी फुटेज सुरक्षित है। इसके साथ ही एयर इंडिया और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधिकारी भी इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। गौरतलब है कि सोमवार को हुए इस विमान हादसे में विमान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के कारणों की जांच विभिन्न एंगल्स से की जा रही है, जिसमें तकनीकी खराबी, पायलट एरर और संभावित साजिश भी शामिल है।

एटीएस अधिकारियों के अनुसार डीवीआर की जांच से यह पता चल सकेगा कि हादसे के वक्त कॉकपिट के भीतर क्या स्थिति थी और पायलटों द्वारा क्या-क्या कदम उठाए गए थे। इससे ब्लैक बॉक्स डाटा की भी पुष्टि होगी, जो जल्द ही रिकवर कर लिया जाएगा। फिलहाल एयर इंडिया और डीजीसीए की टीम भी इस मामले में अलग से जांच कर रही है। डीवीआर की बरामदगी के बाद जांच प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है।

अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गये 265 लोगों के शव अब तक बरामद किये गये हैं जबकि 47 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक वरिष्ठ पुसिस अधिकारी ने 'यूनीवार्ता' को बताया कि दुर्घटना स्थल से अब तक 265 शव बरामद कर लिये गये हैं और उनकी पहचान का काम जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक मृतकों 219 रिश्तेदार डीएनए जांच और रक्त के नमूने देने के लिए आ चुके हैं और उनके नमूने लिए जा चुके हैं। बाकी के परिवारों से इस संबंध में संपर्क किया जा चुका है।

टाटा के चेयरमैन ने कर्मचारियों को चिट्ठी लिखी

अहमदाबाद. टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार अपने सहकर्मियों के नाम एक भावुक चिट्ठी लिखी है. इस चिट्ठी में उन्होंने अपनी बात बहुत स्पष्ट तरीके से रखी है. अभी क्या कर रहे हैं और आगे क्या करने वाले हैं, इसे भी विस्तार से बताया है. टाटा ग्रुप पहले ही अहमदाबाद में एयर इंडिया प्लेन क्रैश में जान खोने वाले लोगों के परिवार वालों के लिए एक करोड़ रुपये मुआवजे का ऐलान कर चुकी है. अब ये टाटा संस के चेयरमैन ने अपने कर्मचारियों के जरिए देश को संदेश देने की कोशिश की है. यह एक बहुत ही कठिन लम्हा है. कल जो हुआ वह समझ से परे है, और हम सदमे और शोक में हैं. किसी एक व्यक्ति को खोना भी एक त्रासदी है, लेकिन इतनी सारी मौतों का एक साथ होना अविश्वसनीय है. यह टाटा ग्रुप के इतिहास का सबसे काला दिन है. इस वक्त सांत्वना के शब्द भी नाकाफी हैं, लेकिन मेरी संवेदनाएं उन लोगों के परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने लोगों को खोया और या जो उसमें घायल हुए. हम उनके लिए खड़े हैं.

मोदी ने की सीएम पटेल और राज्य के मंत्रियों के साथ बैठक

गांधीनगर, 13 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केन्द्र व राज्य के मंत्रियों एवं वरिष्ठ सचिवों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय बैठक की। मोदी समग्र हालात का जायजा लेने के लिए शुक्रवार सुबह अहमदाबाद आ पहुँचे और उन्होंने विमान दुर्घटना स्थल की प्रत्यक्ष दौरा किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से क्षतिग्रस्त मेडिकल हॉस्टल एवं मेस बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इस मुलाकात में प्रधानमंत्री के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू, केन्द्रीय जल-शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल, गुजरात के नागरिक उड्डयन मंत्री बलवंतसिंह राजपूत, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी, राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, मुख्य सचिव पंकज जोशी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार दास, राज्य पुलिस महानिदेशक विकास सहाय सहित प्रशासन के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

दिवंगत पूर्व सीएम विजय रूपाणी के परिजनों से मिले पीएम नरेंद्र मोदी

अहमदाबाद 13 जून. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गये गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय रूपाणी के परिजनों से शुक्रवार को यहां मुलाकात की। गुरूवार को यहां हवाई अड्डे के निकट हुई इस भीषण दुर्घटना में चालक दल के सदस्यों के समेत 241 लोग मारे गये थे। रूपाणी भी इस विमान से लंदन जा रहे थे और दुर्घटना में उनकी भी मौत हो गयी। प्रधानमंत्री सुबह यहां पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। वह दुर्घटना में घायल एकमात्र जीवित यात्री से मिलने अस्पताल भी गये। बाद में उन्होंने रूपाणी के परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी उनके साथ थे। मोदी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में रूपाणी के साथ अपना फोटो साझा करते हुए कहा, विजयभाई रूपाणी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता हूँ। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है। विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी तरह

कल से होगी बोइंग विमान की जांच, डीजीसीए ने दिए निर्देश

नयी दिल्ली, 13 जून. नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बोइंग 787-8/9 विमानों के रखरखाव एवं उड़ान भरने के पूर्व अतिरिक्त सुरक्षा निरीक्षण एवं उपाय करने के दिशानिर्देश जारी किये हैं। नागर विमानन महानिदेशालय ने शुक्रवार को यहां एक आदेश में कहा कि गुरुवार को एयर इंडिया बी 787-8 विमान उड़ान संख्या एआई-171 (अहमदाबाद-गैटविक) का संचालन करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

एनआईए और केंद्रीय एजेंसियों ने किया घटना स्थल का निरीक्षण

अहमदाबाद. अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर टेकऑफ के कुछ ही क्षणों बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान में 230 यात्री और 12 क्रू सदस्य सवार थे. एयर इंडिया ने पुष्टि की है कि इस भयावह दुर्घटना में 241 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एकमात्र यात्री चमत्कारी रूप से जीवित बच गया है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है.

विमान हादसे में ग्वालियर के आर्यन की मौत, देर रात गांव पहुंचा शव

ग्वालियर। ग्वालियर के 21 साल के आर्यन राजपूत की मौत अहमदाबाद के बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की कैंटीन में एयर इंडिया के विमान टकराने से हो गई। देर रात उसका पार्थिव शरीर ग्वालियर पहुंचा। आर्यन 31 मई को एक शादी में शामिल होने के लिए जिगसोली आया था। दो जून को वापस अहमदाबाद गया था। आर्यन की आंखों में डॉक्टर बनने का सपना था। इस सपने को हकीकत बनाने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज, अहमदाबाद में उसने एमबीबीएस में एडमीशन लिया था। वह होनहार था, लेकिन किस्मत की बेरहमी का किसी ने सोचा भी नहीं था। एयर इंडिया के विमान ने पलभर में सब कुछ खत्म कर दिया। आर्यन किसान रामहेत सिंह राजपूत का सबसे छोटा बेटा था। बड़ी बहन निकिता (25) और भाई आदित्य (24) है। तीनों में किसी की शादी नहीं हुई थी। आर्यन को डॉक्टर बनाने के लिए पिता रामहेत ने खेतों में जमकर मेहनत की। फीस भरने के लिए पैसे नहीं होने पर उन्होंने उधार लिए, लेकिन बेटे को डॉक्टर बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था।

दस मिनट देर से पहुंचने से बची भूमि की जान

अहमदाबाद, 13 जून. अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सिर्फ दस मिनट देर से पहुंचना भूमि चौहान के लिए उस समय वरदान बन गया, जब लंदन जा रही उसकी एयर इंडिया की उड़ान एआई 171 छूट गयी और उसकी जान बच गयी। गौरतलब है कि अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का ड्रीमलाइनर 787 गुरुवार को उड़ान भरने के तत्काल बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

यह विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद हवाई अड्डे के निकट एक अस्पताल के हॉस्टल पर गिर गया था। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे। इनमें से सिर्फ एक यात्री विश्वास कुमार रमेश की ही जान बच सकी, वह अभी अस्पताल में भर्ती हैं। वह चमत्कारिक ढंग से दुर्घटनाग्रस्त विमान से छिटककर दूर जा गिरे थे। भूमि के अनुसार वह लंदन में नौकरी करती है और करीब डेढ़ महीने पहले ही गुजरात के अंकलेश्वर स्थित अपने घर आयी थी।

लंदन का सपना हमेशा के लिए टूटा

- लंदन जा रही हरप्रीत फ्लाइट हादसे का शिकार
- अपने पति रॉबी होरा से मिलने जा रही थीं लंदन

नवभारत न्यूज़

इंदौर. राजमोहल्ला इलाके में शुक्रवार की सुबह बेहद भारी रही. परिवार के ऊपर ऐसा दुख टूट पड़ा, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी. अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट हादसे का शिकार हो गई और उसमें 30 वर्षीय इंदौर निवासी हरप्रीत कौर होरा की जान चली गई. वे अपने पति रॉबी होरा से मिलने लंदन जा रही थीं.

रॉबी के चाचा राजेंद्र सिंह होरा ने उनके राजमोहल्ला स्थित निवास पर बातचीत के दौरान वे भावुक हो गए. उन्होंने बताया, रॉबी कल ही लंदन से इंदौर पहुंचे हैं. पूरा परिवार इस हादसे से सदमे में है. हरप्रीत, बेंगलुरु की एक आईटी कंपनी में कार्यरत थीं. लंदन में क्लाउड आर्किटेक्ट के रूप में काम कर रहे अपने पति रॉबी से मिलने वे 19 जून को रवाना होने वाली थीं, लेकिन पति का जन्मदिन 16 जून को होने के कारण उन्होंने फ्लाइट बदलकर 13 जून की बुकिंग कर ली. दुर्भाग्यवश, यही फ्लाइट अहमदाबाद में क्रैश हो गई. परिवार की ओर से उनके ससुर हरजीत सिंह ने बताया, हरप्रीत हमारे परिवार की छोटी बहू थी. उनकी शादी 2020 में हुई थी. वो सवा साल लंदन में रह चुकी थी, फिर नौकरी के सिलसिले में भारत लौट आई थी. लंदन जाने से पहले वह अपने मायके अहमदाबाद गई थीं, ताकि माता-पिता से मिल सकें.

किन्नर समाज ने जताया शोक

नंदलालपुरा क्षेत्र से किन्नर समाज की गुरु सीमा व पायल ने परिवार से मुलाकात कर शोक जताया. उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक परिवार की नहीं, पूरे समाज की क्षति है. भगवान हरप्रीत की आत्मा को शांति दे.

सीबीआई की साइबर निवेश धोखाधड़ी में 10 जगह तलाशी

नयी दिल्ली 13 जून. केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर वित्तीय अपराधों पर ऑपरेशन चक्र-5 के तहत की जा रही देशव्यापी कार्रवाई में साइबर संगठित निवेश धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को दिल्ली, हिसार, लखनऊ, मुंबई, पुणे और नासिक में 10 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने शुक्रवार को बताया कि यह गिरफ्तारी मुंबई में कल्याण में की गयी है। यह आरोपी साइबर अपराधी नेटवर्क को प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड और 'म्यूल बैंक खाते' की आपूर्ति करने में सक्रिय रूप से शामिल था। तलाशी के दौरान उसके पास से अच्छी खासी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। सीबीआई के अनुसार यह मामला एक सुनियोजित धोखाधड़ी से संबंधित है, जिसमें फर्जी मोबाइल एप्लिकेशन और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अनजान व्यक्तियों को ठगा गया। अपराधियों ने प्रतिष्ठित सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों को रियायती दरों पर देने का वादा करके निर्दोष निवेशकों को धोखे से लुभाया। पीड़ितों द्वारा मेहनत की कमाई का निवेश किये जाने के बाद, आरोपियों ने उक्त धन का दुरुपयोग किया, जिससे लोगों को काफी नुकसान हुआ।

अपराध के ढांचे को खत्म करने सीबीआई की अटूट प्रतिबद्धता

तलाशी के दौरान सीबीआई ने आरोपी व्यक्तियों के परिसरों से आपत्तिजनक डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य जब्त किए जिससे निर्दोष निवेशकों को ठगने के लिए नियोजित जटिल कार्यप्रणाली का पर्दाफाश हुआ है। ऑपरेशन चक्र-5 साइबर अपराध सिंडिकेट और अपराधों को बढ़ावा देने वाले आधारभूत ढांचे को खत्म करने के लिए सीबीआई की अटूट प्रतिबद्धता को बताता है। मामले की जांच जारी है।

अस्तित्व की लड़ाई | बचावकर्मियों वाली 134 टीमें हमले की चपेट में आयीं

ईरान के 60 ठिकानों पर हमला

तेहरान. ईरानी रेड क्रिसेंट सोसाइटी (आईआरसीएस) ने शुक्रवार को कहा कि इजरायल ने ईरान के आठ प्रांतों में कम से कम 60 स्थानों पर हमला किया. आईआरसीएस ने कहा, 669 बचावकर्मियों वाली 134 टीमें हमले की चपेट में आये आठ ईरानी प्रांतों के 60 से अधिक स्थानों पर सहायता कार्यों में जुटी हैं.

इजरायल ने ईरान के जिन ठिकानों पर हमला किया है, उनमें राजधानी तेहरान, नतांज़ में ईरान का मुख्य यूरेनियम संवर्धन स्थल और तबरीज़ में एक परमाणु अनुसंधान केंद्र शामिल हैं. इजरायल के प्रधान मंत्री, बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, ऑपरेशन राइजिंग लायन में कई दिन लगेंगे और इसका उद्देश्य इजरायल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को कम करना था. उन्होंने सुझाव दिया कि ऑपरेशन लंबा और कठिन हो सकता है.

इजरायली हमले में ईरान आर्मी चीफ की मौत

नई दिल्ली, 13 जून. इजरायली सेना ने शुक्रवार, 13 जून की तड़के सुबह पूरे ईरान में परमाणु सुविधाओं और सैन्य स्थलों को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किए हैं, जिसमें वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत हो गई है. ईरानी राज्य मीडिया ने इस बात की पुष्टि की है कि हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर होसैन सलामी की मौत हो चुकी है. साथ ही ऑपरेशन राइजिंग लायन के नाम से शुरू इस अटैक में ईरान सशस्त्र बल के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी की भी मौत हो गई है. इसके अलावी परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद मेहदी तेहरानची और फेरेयदौन अब्बासी की मौत की भी पुष्टि हो चुकी है. इजरायल ने ईरान पर उसके परमाणु सुविधाओं और सैन्य स्थलों को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किए हैं. इस अटैक को इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है.

एक नजर में



तीन दिन की यात्रा पर पुडुचेरी जायेंगे धनखड़

नयी दिल्ली. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को तीन दिन की यात्रा पर पुडुचेरी जायेंगे। धनखड़ सोमवार को जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जिपमर) द्वारा 'राष्ट्र निर्माण में पर्यावरणीय स्थिरता' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यात्रा के अंतिम दिन धनखड़ पांडिचेरी विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत करेंगे। उप राष्ट्रपति पांडिचेरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं।

विमान के लोहे तक गले भगवत गीता सुरक्षित

अहमदाबाद. गुजरात के अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे से देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया स्तब्ध है. इस दर्दनाक हादसे में विमान यात्रियों और क्रू मेंबर्स सहित कुल 265 लोगों की जान चली गई है. हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन भी अब लगभग समाप्त हो चुका है. इस भीषण हादसे में सिर्फ एक व्यक्ति की जान बची है. प्लेन क्रैश के बाद घटनास्थल का जो मंजर था वो बेहद खौफनाक था. जहां सब कुछ जल गया था, वहां एक चमत्कार भी देखने को मिला. दरअसल, रेस्क्यू के दौरान भगवत गीता वहां से मिली, जो किसी यात्री की हो सकती है. हैरानी की बात ये है कि इस धार्मिक ग्रंथ को जरा सा भी नुकसान नहीं पहुंचा. वहां मौजूद लोग इसे किसी चमत्कार की तरह देख रहे हैं. सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ है. सोशल मीडिया ङ्ग पर एस वीडियो को 6 लाख से भी ज्यादा यूजर इस वीडियो को देख चुके हैं. इस वीडियो में एक व्यक्ति दुर्घटनास्थल पर मलबे के बीच से गीता के पन्नों को दिखाते नजर आया.

थाईलैंड एअर इंडिया विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली. शुक्रवार को थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई 379 में बम की धमकी मिलने के बाद विमान को थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी. इस फ्लाइट में मौजूद 156 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. विमान ने अंडमान सागर के ऊपर चक्कर लगाने के बाद फुकेत हवाई अड्डे पर वापस लैंड किया. धमकी देने वाले के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है. यह घटना अहमदाबाद दुर्घटना के एक दिन बाद हुई है. एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाइट एआई 379 लैंड हो चुकी है और एयरपोर्ट इमरजेंसी सेवा के साथ आगे का काम कर रही है. अधिकारियों ने बताया कि थाई द्वीप फुकेत से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट ने शुक्रवार बम से उड़ाने की धमकी मिली थी.

गुस्ताखी माफ